शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /533/752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 26/06/2023

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2023–24 में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया तथा संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु स्वीकृत सीट संख्या एवं विषय की जानकारी पोर्टल में दर्ज करने के संबंध में।

संदर्भ :– विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक/431/752/ अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 03/06/2023 एवं पत्र क्रमांक/435/752/ अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 05/06/2023

*****

उपर्युक्त विषयान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–24 में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आयोजित की गई वर्चुअल बैठक के संबंध में संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें।

छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2023–24 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल पर दिनांक 09.06.2023 से प्रारंभ किया गया है। इसी प्रकार, स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल पर दिनांक 16.06.2023 से प्रारंभ किया गया है।

कतिपय संबद्ध महाविद्यालय द्वारा छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/स्नातकोत्तर डिप्लामा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु स्वीकृत सीट संख्या एवं विषय की जानकारी पोर्टल में दर्ज नहीं किया गया है अथवा छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग से पाठ्यक्रम प्रारंभ होने, नवीन विषय की अनुमति, सीट संख्या में वृद्धि संबंधी आदेश, विश्वविद्यालय से जारी संबद्धता आदेश अनुसार विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग से सत्यापन नहीं कराया गया है, जिसके कारण पोर्टल में संबंधित महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम, विषय समूह प्रदर्शित नहीं होने के कारण छात्र–छात्राऐं ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन नहीं कर पा रहें है।

दिनांक 05.06.2023 को आयोजित की गई वर्चुअल बैठक में सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी को उपरोक्त के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था। अतः यह सुनिश्चित कर लेंवे कि आपके महाविद्यालय में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/स्नातकोत्तर डिप्लामा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु स्वीकृत सीट संख्या एवं विषय की जानकारी पोर्टल में सही–सही दर्ज कर दिया गया है और विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग से सत्यापन करा लिया गया है।

यह भी कि छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नवीन महाविद्यालय आदेश प्रारंभ करने, नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, संचालित पाठ्यक्रम में नवीन विषय प्रारंभ करने तथा सीट संख्या में वृद्धि के संबंध में आदेश जारी किया जाता है/किया गया है तथा कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय से उपरोक्त के संबंध में पत्र/आदेश जारी करते हुए महाविद्यालय को प्रेषित किया गया है तो तत्काल उक्त जानकारी पत्र के माध्यम से तथा विश्वविद्यालय से संबद्धता हेतु निर्धारित प्रारूप में शुल्कमय आवेदन विश्वविद्यालय में देना सुनिश्चित करेंगे।

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

P.L.Ydv. Admission.2023-24/PG_34

पृ.क्रमांक /534/752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 26/06/2023

प्रतिलिपि :—

01. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला—रायपुर।

02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक—सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला—रायपुर।

03. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।

04. अपर संचालक, कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लॉक सी—30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर।

05. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर।

— की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला—बस्तर (छ.ग.)